# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09 जून 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार**

- एनडीए संसदीय दल के नेता नरेंद्र मोदी आज शाम तीसरी बार लेगें प्रधानमंत्री पद की शपथ, राष्ट्रपति भवन में तैयारियां पूरी, कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष शपथ ग्रहण समारोह में लेंगे हिस्सा।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल के साथ की बैठक, जनता के साथ संवाद, समन्वय और संवेदनशीलता पर दिया जोर।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए ने नीट परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता की बात दुहराई, कहा–परीक्षार्थियों को दिये गये ग्रेस अंकों की समीक्षा करेगी उच्च स्तरीय समिति ।
- अबसे थोड़ी देर बाद प्रदेश के इक्यावन जिलों में आयोजित की जाएगी राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा ।

**********

केंद्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह आज शाम 7 बजकर 15 मिनट से राष्ट्रपति भवन में होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु श्री नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्री परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उप राष्ट्रपति अहमद अफीफ और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगनौथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल श्प्रचंडश और भूटान के प्रधानमंत्री छेरिंग तोबगे भी समारोह में भाग लेंगे।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के अमरोहा जिले के गजरौला निवासी और मन की बात रेडियो संग्रहालय के संस्थापक राम सिंह बौद्ध को भी आमंत्रित किया गया है। राम सिंह बौद्ध के रेडियो संग्रहालय में एक हजार दो सौ से अधिक एंटीक रेडियो सेट उपलब्ध हैं। इस संग्रहालय के कारण उन्होंने देश में अपनी एक विशेष पहचान बनाई है।

शपथ ग्रहण समारोह का आकाशवाणी सीधा प्रसारण करेगा। यह प्रसारण दिल्ली के एफएम गोल्ड, इंद्रप्रस्थ और आकाशवाणी लाइव न्यूज चौनल पर शाम पौने सात बजे से किया जायेगा। आकाशवाणी के यू–टयूब चौनल पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

**********

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को सर्वसम्मति से कांग्रेस संसदीय दल का अध्यक्ष चुन लिया गया है। पार्टी नेता राजीव शुक्ला ने कल नई दिल्ली में बताया कि श्रीमती गांधी ने यह पद स्वीकार कर लिया है।

इससे पहले कांग्रेस कार्य समिति ने पार्टी नेता राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभाने का अनुरोध करने का प्रस्ताव पारित किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता के सी वेणुगोपाल ने बैठक के बाद कहा कि कार्यसमिति का मानना है कि राहुल गांधी का नेतृत्व एक मजबूत तथा सतर्क विपक्ष की भूमिका निभायेगा। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों को चुनाव जीतने पर बधाई दी। श्री खरगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए लोगों का अपार समर्थन मिला है।

उधर, प्रदेश में समाजवादी पार्टी के संसदीय दल की बैठक कल लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक में सपा प्रमुख अखिलेश यादव पार्टी के संसदीय दल के नेता चुने गए। इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि सपा के सांसद जनता के हित में बात रखने का कार्य करेंगे और जनता के बीच रहकर संघर्ष करेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ बैठक की । बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि मंत्रिगण और जनप्रतिनिधि को वीआईपी कल्चर से परहेज करना होगा । मंत्रिगण क्षेत्र में जाएं, संवेदनशीलता के साथ जनता से संवाद करें एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों व शासन प्रशासन के साथ समन्वय बनाते हुए समस्याओं का समाधान कराएं।

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों का सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार–प्रसार करें। जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन को और प्रभावी बनाने पर जोर दें। मंत्रिपरिषद की बैठकों के लिए ई– कैबिनेट व्यवस्था और सभी विभागों में ई–ऑफिस प्रणाली प्रभावी ढंग से लागू करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन बनाने का लक्ष्य हर विभाग का है।

(**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर कल विभिन्न चयन आयोगों के अध्यक्षों और अलग अलग विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होने विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने चयन प्रक्रिया की समयबद्धता, शुचिता, पारदर्शिता और गोपनीयता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि चयन आयोगों से अपेक्षा है कि वह भर्ती परीक्षाओं के लिए कैलेंडर समय से जारी करें और कड़ाई के साथ उसका अनुपालन करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि परीक्षा केंद्र वहीं बनाए जाएं जहां सीसीटीवी की व्यवस्था उपलब्ध हो। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया संबंधी अलग अलग कार्यों के लिए अलग अलग एजेंसियों का उपयोग करने के भी निर्देश दिये।

**********

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा है कि राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा–नीट अंडरग्रेजुएट 2024 की प्रक्रिया देशभर में पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी रही है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा का कोई पर्चा लीक नहीं हुआ है। परीक्षा में परीक्षार्थियों के ज्यादा अंक और ज्यादा टॉपर से संबंधित मुद्दों पर एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने कल नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह मुद्दा नीट परीक्षा के चार हजार सात सौ पचास केंद्रों में से उन छह केंद्रों और एक हजार छह सौ परीक्षार्थियों से संबंधित है जिनका समय गलत प्रश्नपत्र वितरित करने के कारण नष्ट हो गया था। उन्होंने कहा कि एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है जो इन परीक्षार्थियों को दिए गए ग्रेस अंकों की समीक्षा करेगी।

उधर, समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये आरोप लगाया कि एक ही परीक्षा केंद्र से कई लोगों का एक साथ शत प्रतिशत नंबर आना, एक बड़ी धांधली की ओर संकेत करता है। उन्होंने मांग की है कि माननीय न्यायालय इस मामले का स्वतः संज्ञान लेकर गहन जांच करे। इसके दोषियों को सख्त से सख्त सजा होनी चाहिए।

**********

प्रयागराज में गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में लगने वाला गंगा महोत्सव शुरू हो गया है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***इस बार गंगा दशहरा का त्योहार 16 जून को मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रयागराज त्रिवेणी संगम तट पर 10 दिवसीय 24 वें गंगा महोत्सव का आयोजन प्रयागराज में 7 जून से प्रारंभ हो गया है। अविरल गंगा स्वच्छ गंगा और निर्मल गंगा के लिए हरिहर गंगा आरती समिति के तत्वावधान में त्रिवेणी संगम तट मां गंगा की आरती पूजन अर्चन के पश्चात गंगा महोत्सव पूरी भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। 10 दिवसीय इस महोत्सव में गंगा स्वच्छता अभियान, अलग–अलग घाटों पर चलाया जाएगा। इसके अलावा देश के नामचीन कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की जाएंगी। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक जुलाई से लागू किये जा रहे नये कानूनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण का हिस्सा बताया है। उनके कार्यालय के एक सोशल मीडिया पोस्ट में उनके हवाले से कहा गया है कि पंच प्रण में एक प्रण गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त करना था। इस प्रण को पूरा करने के लिए अंग्रेजों द्वारा बनाये गये इंडियन पीनल कोड–1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड–1898, 1973 और एवीडेंस एक्ट 1872 को समाप्त कर तीन नये स्वदेशी कानून पारित किये गये हैं। नयी व्यवस्था के अनुसार इंडियन पीनल कोड–1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता–2023, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड–1898,1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 और इंडियन एवीडेंस एक्ट–1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम–2023 को एक जुलाई से स्थापित किया जाएगा।

**********

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के तत्वाधान में अब से थोड़ी देर बाद राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा– दो हजार चौबीस आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति मुकेश पाण्डेय ने कल बताया कि प्रदेश में कुल 51 जिलों के 470 केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसका पहला पेपर सुबह नौ बजे से बारह बजे तक होगा, जबकि दूसरा पेपर दोपहर दो बजे से पांच बजे तक होगा। परीक्षा में करीब दो लाख तेइस हजार अभ्यर्थी हिस्सा ले रहे हैं।

**********

पीलीभीत टाइगर रिजर्व आज अपना दसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर आयोजित हो रहे कार्यक्रम में प्रदेश के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अरुण कुमार सक्सेना हिस्सा लेंगे। रिजर्व के क्षेत्र निदेशक विजय सिंह ने कल एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

**********